हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 जुलाई 2024

06 चार गुना मुआवजा दो, तभी देंगे जमीन



07 जगन्नाथ पुरी के समान द्वितीय वर्ष निकाली ...





## खबर संक्षेप

### निर्देश : ट्रांसफार्मर, पोल के पास न लगाएं ठेले

**सीहोर।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने निर्देश जारी किए हैं कि व्यापारीगण या फेरी वाले बिजली के वितरण ट्रांसफार्मर एवं पोल के आसपास हाथ ठेले या गुमठियां न लगाएं। ऐसा करने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कंपनी का कहना है कि कई स्थानों पर ऐसा देखने में आ रहा है, ऐसा करके लोग जहां अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं, वहीं इस तरह से बिजली के खंभों या ट्रांसफार्मर से सटाकर ठेले पर सामान बेचना नियमों के विपरीत भी है। इसलिए यदि कहीं पर भी इस तरह की गतिविधियां हो रही हों, तो स्वयं ही उन्हें हटा लें, अन्यथा विद्युत वितरण कंपनी को कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### अपडेट मतदाता सूची 19 को प्रकाशित

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों व त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। मतदाता सूची 1 जनवरी 2024 को तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 19 जुलाई को होगा। आयोग के निर्देशानुसार मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण हो गया है। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लेंगे। इनका निराकरण 9 अगस्त तक होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाश 12 सितंबर को होगा।

### आरा-मशीनों के लाइसेंस 5 साल में होंगे नवीन

**सीहोर।** आरा-मशीनों के लिए 5 साल की अवधि में लाइसेंस नवीनीकरण कराये जाने का प्रावधान कर दिया गया है। अभी तक 3 साल में नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य था। राज्य शासन के वन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम-1984 में यह संशोधन किया गया है। लाइसेंस नवीनीकरण के लिए 2500 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित है।

### अग्निवीर के लिए आवेदन प्रारंभ

**सीहोर।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए आवेदन के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें ऑनलाइन आवेदन 28 जुलाई 2024 तक किए जा सकते हैं। इच्छुक युवा आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। जिनका जन्म 03 जुलाई 2004 और 03 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है वह युवा आवेदन करने के लिये पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। एमपी रोजगार पोर्टल पर भी संबंधित लिंक उपलब्ध है।

## इछावर, आष्टा और भैरुंदा में बारिश होने से किसानों के चेहरे खिले, लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली

# मानसून की मेहरबानी : तेज बारिश से नदी-नाले उफने, दुकानों व घरों में घुसा पानी, सड़कें लबालब

नालियों की सफाई नहीं होने से सड़कों पर भरा पानी। सीहोर में दिन में कई बार हुई रिमझिम बारिश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इछावर और आष्टा क्षेत्र में सोमवार दोपहर में झमाझम बारिश हुई। तेज बारिश होने के कारण पानी सड़कों पर भर गया। राहगीरों की गाड़ियों के पहिया पानी में दिखना बंद हो गए। इस कारण यातायात बारिश के दौरान थमा रहा। वहीं इछावर में बारिश से पहले पर्याप्त साफ-सफाई न होने के कारण सड़कों और दुकानों में पानी भर गया। वहीं आष्टा में भी कुछ ऐसे ही हालत देखने को मिले।

सोमवार को सुबह से ही आसमान पर काले घने बादल छाए हुए थे। हालांकि दोपहर तक कई स्थानों पर रिमझिम बारिश हुई थी। लेकिन दोपहर के बाद आष्टा और इछावर क्षेत्र में बादल जमकर बरसे। जिसके कारण सड़कों पर जगह पानी भर गया और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इछावर में बारिश का पानी अनेक दुकानों में घुस गया। वहीं दूसरी ओर आष्टा में बारिश का पानी सड़क पर भर गया। जिसके कारण राहगीरों को वहां भी काफी दिक्कत का समाना करना है।



**भैरुंदा।** रविवार की रात क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। बारिश के कारण सीप नदी का जल स्तर भी बढ़ गया।



**आष्टा।** सोमवार को तेज बारिश से शहर की सड़कें हुईं लबालब

### आने वाले दिनों में होगी अच्छी बारिश

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि लोकल क्लाउड के कारण अभी रुक-रुक कर बारिश हो रही है। लेकिन बादलों की डेंसिटी में लगातार इजाफा हो रहा है। जिसके चलते आगामी दिनों में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है।

## बारिश से किसानों के चेहरे खिले फसल के लिए बताई फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दो-तीन दिनों से मौसम के करवट लेने पर रविवार की रात क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई।वहीं किसान इस बारिश को सोयाबीन फसल के लिए फायदेमंद बता रहे हैं। जाहिर है कि रविवार दोपहर तक उमस वाली गर्मी ने आमजन को काफी बेचैन किया था।लोग गर्मी के असर से परेशान नजर आए। हालांकि दोपहर को काले बादलों ने डेरा लगाए रखा था।इसके बाद तापमान में गिरावट के साथ मौसम में ठंडक का असर बना हुआ था,लेकिन रविवार की रात करीब 7 बजे से एक घंटे की झमाझम बारिश से खेतों में पानी जमा हो गया। क्षेत्र के किसान रविवार की बारिश को सोयाबीन फसल की खेती के लिए लाभकारी बता रहे है। रविवार दोपहर बाद से बदले मौसम से रात को एक घंटे हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं।किसानों की मानें तो इससे न सिर्फ सोयाबीन व मक्का की फसल को फायदा पहुंचा है बल्कि क्षेत्र में लगाई गई नए सिरे से हाईब्रिड फसले भी



लाभान्वित होंगी। ग्रामीणों ने कहा सोयाबीन की फसल के लिए अमृत के समान है। किसान बारिश के थमने के बाद खेतों में जाकर अपनी फसल को देख रहे है।हालांकि इस बार फसलों की पैदावार के लिए मौसम अनुकूल है।लेकिन अभी बचे हुए किसान की बुवाई के हुए सोयाबीन फसल के लिए बहुत जरूरत थी। खेत हुए लबालब गर्मी से मिली राहत रविवार की रात में झमाझम बारिश के बाद भैरूंदा सहित ग्रामीण क्षेत्र के खेतों में लबालब पानी भर गया। नदी-नालों में भी पानी बड़ गया पांडागाव सीप नदी में पानी बड़ गया है।साथ ही गर्मी भरी उमस से निजात मिलने से आम लोग भी बारिश से खुश हैं। ऐसे में यह बारिश किसानों के लिए काफी फायदेमंद साबित हुई।




**आष्टा।** सड़कों पर पानी भरने से बुधवारा में फंसी वैन।

### जिले में अब तक 174.3 एमएम बारिश

जिले में सोमवार सुबह आठ बजे तक दो एमएम औसत बारिश दर्ज की गई। सीहोर में 0 एमएम , श्यामपुर में 0, आष्टा में 2, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 7, बुधनी में 0, रेहटी में 3 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जिले में अभी तक 174.3 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई। पिछले साल इस अवधी में 228.4 एमएम बारिश हुई थी। अभी तक सीहोर में 243.6 एमएम, श्यामपुर में 251.5, आष्टा में 121.0, जावर में 145.3, इछावर में 275.5, भैरूंदा में 117.0, बुधनी में 112.0 तथा रेहटी में 128.2 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

### इछावर में तेज बारिश : ग्रामीण क्षेत्रों में नदी-नालों में उफान की स्थिति


इछावर जनपद पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार सुबह से तेज बारिश हुई। कई स्थानों पर तेज हवाएं चलीं। कई ग्रामीण क्षेत्र के नदी-नालों में उफान की स्थिति देखने को मिली। भारी बारिश से किसानों की फसलों में हुआ फायदा किसान इस समय कर रहे हैं। खेतों में कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव कर दिया। मौसम विभाग ने 3 घंटे के लिए भारी बारिश बताई थी। लगातार हो रही बारिश से इछावर में भी कई दुकानों में भर गया। सड़कों पर भी पानी बहता हुआ दिखाई दिया।



### मानव अधिकार संबंधी शिकायत अब ऑनलाइन

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrc-net.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

### श्रीजी की हवेली में हुआ भगवान का श्रृंगार



**सीहोर।** शहर के खजांची लाइन स्थित प्राचीन श्रीजी की हवेली में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया था। इस मौके पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया था।

## समय पर खुलें कार्यालय और अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहें : कलेक्टर

### सभी विभाग 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण करें



**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी विभाग की 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा के पूर्व अधिकारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय खोलने और कार्यालय खुलने के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों में अपने कामों को लेकर आने वाले आमजनों के काम समय पर किए जाएं। उन्होंने वन व्यवस्थापन के 74 शीघ्र कार्यवाही करने के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय विभागों को भवनों के निर्माण के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए हैं। जिले में भूमि आवंटन के 50 प्रकरणों पर कार्यवाही की जाना है। इसके साथ ही उन्होंने जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता और पशुओं के टीकाकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने पीएचई विभाग को वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए हैण्ड पंपों में क्लोरीन पाउडर डालने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक वृक्षारोपण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को वृक्षारोपण के साथ ही वायुदूत मोबइल एप पर स्वयं के साथ पौधरोपण का फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सिंह ने प्रत्येक विभाग को लक्ष्य आवंटित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रमों जनप्रतिनिधियों को आंमत्रित किया जाए और अधिक से अधिक नागरिकों को पौधरोपण अभियान से जोड़ा जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम जमील खान, तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। सभी जनपदों से जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### कई भवन सड़क किनारे बने उनकी स्थिति भी जर्जर

# बारिश में ढह सकते हैं शहर के जर्जर सरकारी और निजी भवन, बन सकते हैं हादसे का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में ऐसे कई सरकार और प्राइवेट भवन हैं जो शहर के बीचों-बीच जर्जर हालत में खड़े हुए हैं और बारिश में कभी भी धरासायी हो सकते हैं। वहीं यह भवन एक बड़े हादसे का कारण भी बन सकते हैं। बारिश का मौसम शुरू हो गया है, लेकिन शहर में सरकारी और गैर सरकारी जर्जर भवन कई साल से खड़े हुए हैं। स्थिति यह है कि यह भवन बारिश में कभी भी ढह सकते हैं। शहर के बीचों-बीच खड़ी सरकारी और गैर सरकारी दो मंजिला, तीन मंजिल बिल्डिंगों की हालत ऐसी हो गई है कि लगातार बारिश होने से वे कभी भी धरासायी हो सकते हैं।

वहीं ऐसे मकान भी हैं, जो सड़क के किनारे बने हुए हैं, उनकी स्थिति भी काफी



दयनीय है। यहां से लोगों की आवाजाही बनी रहती है। अगर बारिश के दौरान कभी भी धरासायी होते हैं, तो जन और धन की हानि हो सकती है। बरसात शुरू होने के बाद से जर्जर भवनों को गिरने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

शहर में कुछ ऐसे जर्जर भवन हैं जो कि खाली पड़े हुए हैं और कुछ ऐसे निजी भवन है, जिन पर लोग यह अब भी रहवास कर रहे हैं जो हादसे का कारण हो सकते हैं।

### ये हैं जर्जर सरकारी भवन

शहर की सरकारी बिल्डिंग में भोपाली फाटक के पास गन्ना विकास कार्यालय का भवन, कोतवाली थाना के पीछे पुराने क्वार्टर, लुनिया चौराहा के पास पुरानी जिला पंचायत भवन जर्जर स्थिति में हैं।

### ये हैं गैर सरकारी भवन

गैर सरकारी भवन में शहर के बीचों-बीच संजय टॉकीज भवन, (बंद हो चुकी है) कस्बा स्थित कुछ मकान, मंडी क्षेत्र और गंज क्षेत्र में कुछ मकान आदि ऐसे भवन हैं, जो काफी जर्जर अवस्था में हैं। यह कभी भी धराशायी हो सकते हैं।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों का पंजीयन अवश्य कराएं। रजिस्टर्ड अनुबंध से अधिकार सुरक्षित रहते हैं तथा विवाद की संभावना बहुत कम हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### बोहरा समाज ने किया प्रिंस राठौर का स्वागत

**सीहोर** । वार्ड क्रमांक 34 में सी सी रोड के निर्माण कराने पर बोहरा समाज के जनाब आमिर साहब के नेतृत्व में बोहरा समाज ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं क्षेत्रीय पार्षद सुदीप व्यास का गुलदस्ता एवं हार फूल माला से स्वागत किया इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि क्षेत्र में एवं नगर में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी निरंतर विकास कार्य किए जाएंगे शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर शाकिर, हकीम , मुस्तफ़ा हुसैन अली, अक़बर, हातिम, मुर्तज़ा ने स्वागत किया ।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने समग्र आईडी जरूरी

**सीहोर**। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### गैर घरेलू कनेक्शन के लिए स्वैच्छिक आवेदन करें

**सीहोर**। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें कंपनी ने सलाह दी है कि वे विद्युत वितरण कंपनी के संबंधित कार्यालय में जाकर अथवा कंपनी पोर्टल portal.mpcz.in अथवा UPAY app अथवा Urjas portal के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें। कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि के यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू (लाइट और फैन) का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने कनेक्शन की जांच करा लें और जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया गया है उसी के अनुसार अपने निकटतम कंपनी के जोन कार्यालय, वितरण केन्द्र, में संपर्क करें अथवा सही संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए बिजली कंपनी के portal.mpcz.in पर जाकर आनलाइन अपना कनेक्शन प्रयोजन के अनुसार संबंधित टैरिफ श्रेणी के अनुसार परिवर्तित करा लें।

### किसानों ने प्रशासन से कहा रेलवे सस्ती दरों पर छीन रही उनकी जमीन

# चार गुना मुआवजा दो, तभी देंगे जमीन

**इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन के लिए चार गुना मुआवजा मिले बिना रेलवे लाइन के लिए नहीं देंगे एक इंच भी जमीन, किसानों के हक की लड़ाई लड़ने को तैयार बुधनी विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता सूरत मकवाना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



अगरा गांव के आक्रोषित किसानों ने चार गुना मुआवजा नहीं मिलने तक भूमि पर रेलवे को कब्जा नहीं देने की बात कही। इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन के लिए बुधनी विधान सभा क्षेत्र के भैरूंदा के कई गांवों की जमीनें अधिग्रहित की जा रही है और अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मुआवजा राशि लिए जाने के नोटिस भी भिजवाए गए हैं। क्षेत्र के किसानों का दो टूक कहना है कि उनके बाप-दादाओं की पुस्तैनी जमीन को कौड़ियों के मोल नहीं लूटने देंगे।

भैरूंदा क्षेत्र के गांवों की जमीन अधिग्रहीत की गई। किसानों का कहना है कि रेलवे ने जमीन का वाजिब मुआवजा नहीं दिया। किसानों ने कहा कि रेलवे सस्ती दरों पर किसानों की जमीन छीन रही है। रोजगार और विकास के सब्जबाग दिखाकर किसानों की जमीन हड़प रही है। समय मुआवजा राशि बांटने का आया तो रेलवे अफसरों ने मनमानी शुरू कर दी। कुछ ऐसा ही मामला रविवार को क्षेत्र के गांव आगरा में देखने को मिला। जहां रेलवे के लिए अधिग्रहित भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंचे राजस्व अमले को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। आगरा किसान नेता सूरत मकवाना, राजेन्द्र यादव, भगत जाट, देवेन्द्र यादव, रामभरोस पंवार, सत्यप्रकाश यादव, शंकरलाल यादव, सुभाष यादव, मनमोहन यादव, राजाराम यादव, रोहित यादव, ओमप्रकाश यादव, नवल सिंह, सुखलाल, राधेश्याम कीर,तेज सिंह, हुकुम सिंह सहित अन्य किसानों का कहना था कि शासन हमें वर्ष 2013 की गाइडलाइन के हिसाब से बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा नहीं देगा,तब तक हम अपनी जमीनें नहीं छोड़ेंगे। चाहे इसके लिए हम किसी भी हद तक जाना पड़े।

#### तीन माह पहले खातों में डाली जा चुकी है मुआवजा राशि

राजस्व विभाग का कहना कि रेलवे विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि का मुआवजा किसानों के खातो में डाला जा चुका है। बावजूद इसके किसान लगातार खेतों में फसल की बुआई कर रहे है। जिससे रेलवे बोर्ड को काम करने में असुविधा हो रही है। आगरा के किसान लगातार अधिग्रहण भूमि को लेकर अड़े हुए है। उन्हें भी समझाइश दी गई है। उधर किसानों की मानें तो मुआवजा राशि शासन ने बिना किसान की सहमति से खातो में डाली है, जिससे किसान संतुष्ट नहीं है।

किसानों ने बताया कि हमारी बेस कीमती जमीन की कीमत शासन की राशि से कई गुना अधिक है। शासन जब तक बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा,परिवार में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व रजिस्ट्री पर लगने वाले शुल्क को निःशुल्क नहीं कर देती है, तब तक हमें अपनी जमीनें नहीं छोड़ेंगे।

#### शासकीय गाइडलाइन के अनुसार ही जमीन की कीमत लगाई

अभी प्रशासन द्वारा मुआवजा हमारे खाते में डाला गया है, उससे हम संतुष्ट नहीं है। प्रशासन ने शासकीय गाइडलाइन के अनुसार हमारी जमीनों की कीमत लगाई है।

## उपार्जन केंद्र पर तौल कांटे का पूजन कर मूंग खरीदी शुरू



**भैरूंदा**। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत लाडकुई में मूंग खरीदी शुरू की गई है। उपार्जन केंद्र पर सोमवार को तौल कांटे की पूजन कर खरीदी शुरू की। उपार्जन समिति के द्वारा लाडकुई के मां कृपा वेयर हाउस पर विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि ने तौल कांटे का पूजन कर मूंग तुलाई शुभारंभ किया।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, समिति प्रबंधक ,कर्मचारी और जिला सहकारी समिति बैंक के कर्मचारी भी मौजूद रहे। मूंग खरीदी शीघ्र शुरू होने से किसानों को राहत मिली है।इस बार मूंग खरीदी का समर्थन मूल्य 8558 रुपए निर्धारित है। सरकार ने मूंग खरीदी के आदेश 24 जून से 31 जुलाई तक के जारी किए हैं।

### गांव की मुख्य सड़क पर शुरू हुआ नाली निर्माण कार्य, अब नहीं होगा जलभराव

**सीहोर**। जनपद पंचायत सीहोर के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुहाली के मुख्य मार्ग के दोनों ओर नाली नहीं होने से ग्राम वासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गांव का गंदा पानी रोड पर बहता था, जिससे रोड फिसलन भरी हो जाती थी और हादसा होने का डर बना रहता था।

मुख्य सड़क होने के कारण ग्रामीणों का यहीं से आवागमन होता है। नाली निर्माण नहीं होने के कारण रोड पर पानी आता था और सड़क फिसलन भरी हो जाती थी, जिससे आए दिन हादसे होते रहते थे। सड़क के दोनों ओर नाली के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने मांग की थी, जिसके बाद रविवार से यहां नाली निर्माण का कार्य शुरू हो गया। सरपंच महेश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के इस सड़क का कार्य किया गया है, नाली निर्माण नहीं होने के कारण बारिश में यहां जल भराव होता था, वहीं अब यहां नाली निर्माण कराया जा रहा है।

## रथ में सवार होकर पहुंचे थे, कार से भगवान की वापसी बारिश की बौछारों के मध्य भक्तिभाव से लेकर आए श्रद्धालु



**सीहोर**। इस साल भी शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से पुरी की तर्ज पर भव्य रथ यात्रा निकाली गई थी, वहीं सोमवार की दोपहर को रात्रि विश्राम के पश्चात लौटने पर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर परमार समाज की ओर से पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, चल समारोह अध्यक्ष हरीश परमार, निर्माण समिति के अध्यक्ष अनार सिंह पटेल, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, देव नारायण परमार, मुकेश परमार, महेन्द्र पटेल, प्रहलाद पटेल, सुरेश परमार, प्रेम सिंह परमार आदि मौजूद थे।

सोमवार को दोपहर जब समाजजन भगवान को लेने पहुंचे थे तो रिमझिम बारिश की शुरुआत हो गई। जिसके कारण भगवान को कार में विराजमान कर लेकर आए थे, इस मौके पर बारिश की बौछारे श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा रही थी। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से प्रबंधक समीर शुक्ला, मनोज दीक्षित मामा, पंडित रोहित व्यास आदि मौजूद थे। जिन्होंने पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर में भगवान को विराजमान किया।सोमवार की दोपहर में शहर के मंडी स्थित श्रीराम मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का विशेष श्रृंगार आदि करने के पश्चात श्रद्धालुओं के द्वारा लाया गया था। इस मौके पर यहां पर मौजूद पंडितों के द्वारा भगवान की पूजा अर्चना की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज की ओर से शिव परमार मुरली, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, जेपी परमार, देवनारायण परमार ने बताया कि मंदिर परिसर में भगवान को दर्शन के लिए रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष आषाण शुल्क पर आस्था और उत्साह के साथ भगवान जगदीश की रथ यात्रा निकाली जाती है। मंदिर में दो दिवसीय उत्साह रहता है। इसके बाद भगवान की चलित प्रतिमा को गल्ला मंडी स्थित श्रीराम मंदिर में विश्राम के लिए जाता है। श्रीराम मंदिर में भजन कीर्तन और प्रसादी का वितरण किया जाता है। इसके उपरांत यहां पर दूसरे दिन आस्था के साथ मंदिर परिसर में भगवान को विराजमान किया जाता है। श्रद्धालु द्वारा दर्शन किए जाते है। जगदीश स्वामी की रथ यात्रा 1961 में मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ शुरु की थी। रथ यात्रा का सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जाएगा।

## सर्वधर्म दरगाह कमेटी मनाएगी छठी शरीफ होगी कव्वाली, बांटा जाएगा तबर्रूक प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ख्वाजा गरीब नवाज की तर्ज पर हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर आगामी इस्लामी 6 तारिख के मुताबिक शनिवार 13 जुलाई को छठी शरीफ मनाई जाएगी।

मुबारक छठी शरीफ की तैयारियों को लेकर रविवार को सर्वधर्म दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान की अध्यक्षता में दूल्हा बादशाह बाबा दरगाह परिसर में बैठक आयोजित की गई। कमेटी सचिव नौशाद खान ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, पूमर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, विधायक सुदेश राय के विशेष सहयोग से छठी शरीफ मनाना शुरू किया गया है। अजमेर ख्वाजा गरीब नवाज की तर्ज पर इस्लामिक महीने की हर 6 तारीख को छठी शरीफ मनाई जा रही है। छठी शरीफ के दौरान शुद्ध शाकाहारी तबर्रूक प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। छठी शरीफ में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी संप्रदाय जाति वर्ग के नागरिक सम्मिलित हो रहे है। शनिवार दोपहर में दरगाह पर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जाएगा जिस के बाद रात को कव्वाल कासम साबरी, तारिख मियां अपने कलाम पेश करेंगे।

बैठक में कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान, सचिव राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान,खदीम अनवर शाह बाबा,भंवर सिंह पटेल, हुसैन जैकी अली, अमीन बिजली,साजिद पठान आमिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## जिला फुटबॉल एसोसिएशन ने चर्च मैदान पर किया पौधरोपण



**सीहोर**। शहर के चर्च मैदान पर इन दिनों अंडर-14 की ट्रायल में बड़ी संख्या में खिलाड़ी अभ्यास कर रहे है। इसके अलावा रविवार को खिलाड़ियों द्वारा चर्च ग्राउंड पर पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान जिले के अधिकारी और सीनियर नेशनल खिलाड़ी आनंद उपाध्याय शैलेंद्र शर्मा मनोज जोशी कोच विपिन पवार, कमल यादव विशाल अहिरवार सिद्दीकी सुमन, दीपक अहिरवार अदनान खान आदि उपस्थित थे

## किसानों के चेहरों पर छाई खुशीः बोले- बुआई के पहले और बाद में अच्छी बारिश से मिला फायदा

**सीहोर**। जनपद पंचायत के ग्राम जताखेडा में सही समय पर बारिश होने की वजह से किसानों के चेहरों पर खुशी है। क्षेत्र में फसल की अच्छी ग्रोथ हो रही है। पर्याप्त बारिश होने के कारण किसने की वर्षा ऋतु की फसलो मैं अच्छा ग्रोथ हो रहा है इससे किसान खुश नजर आ रहे हैं।

ग्राम जता खेड़ा के निवासी धर्म सिंह वर्मा, करण सिंह वर्मा, मनोहर राठौड़ दुर्गा, प्रसाद विश्वकर्मा, अनूप वर्मा, प्रेम नारायण वर्मा, विकास वर्मा, अशोक वर्मा, जगदीश वर्मा, प्रसाद वर्मा, श्यामलाल वर्मा आदि ने बताया कि19 जून को प्री मानसून की बारिश से वर्षा ऋतु की फसलों की बुवाई के लायक पर्याप्त मात्रा में पानी गिर गया था। इसके बाद किसानों ने 20 जून को बुआई कर दी थी। तब से 5 जुलाई तक वर्षा ऋतु की फसल सोयाबीन मक्का, उड़द, अरहर, मूंगफली आदि फसलों की अच्छी ग्रोथ हो रही है। फसल में किसी प्रकार की कोई बीमारी नहीं लगी है। समय-समय



पर फसल के हिसाब से हल्की वर्षा हो रही है, जिससे फसल को पर्याप्त मात्रा में सूर्य का प्रकाश और पानी समय पर मिल रहा है और किसान कम वर्षा होने के कारण फसलों की निराई-गुड़ाई कर रहे हैं। कुछ किसान अपने खेतों में यूरिया व डीएपी खाद का भी डाल रहे हैं। किसानों ने कहा कि इस वर्ष हमारी फसल अच्छी है व अच्छी पैदावार आने के संकेत लग रहे हैं।

### सुख, शांति, समृद्धी व बारिश के लिए मातारानी से की प्रार्थना

# सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ ने रविवार को शहर में बाइक रैली निकाली। इलाई माता मंदिर कस्बा में अभिषेक महाआरती और भंडारा आयोजित किया गया। समाजनों ने समाधान,लोचन निषाद माझीमल्लाह की स्मृति में पौधरोपण किया। सामाजिक सुखशांति समृद्धी और अच्छी बारिश की कामना मातारानी से की गई। बाइक रैली में सम्मिलित रहे माझी आदिवासी समाज बंधुओं का शहर के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षाकर स्वागत किया।

सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश रायकवार के नेतृत्व में



कंचन मार्केट भोपाल नाका से बाइक रैली का शुभांरभ किया गया। मांझी समाज जिंदाबाद के नारो के साथ बाइक रैली इंग्लिशपुरा रोड कोतवाली चौराहा, पान चौराहा, बड़ा बाजार, अटल चौराहा, तहसील चौराहा, भोपाली फाटक तिलक पार्क कस्बा बजरिया निजामत होते हुए हनुमान फाटक ईलाई माता मंदिर पहुंची यह पर मातारानी कुलदेवी को मांझी समाजजनों द्वारा विधिविधान से निशान चढ़ाया गया। कुलदेवी पूजन के उपरांत सामाजिक सुख शांति समृद्धी और अच्छी बारिश की कामना मातारानी से की गई। सिद्धपुर माझी आदिवासी समाज संघ के संरक्षक मनोहर रायकवार के मार्ग दर्शन में समाजसेविका भारती रायकवार और वरिष्ठ समाजसेवी गुलाबसिंह रायकवार वीर शहीद क्रांतिकारी समाधान निषाद,लोचन निषाद माझी मल्लाह नाविकों की स्मृति में मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। स्वजातीय बंधुओं ने भंडारे में बड़ी संख्या में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

## जमोनिया और थूना खुर्द पंचायत में लगाए जाएंगे 200 से अधिक पौधे

**सीहोर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू हुए एक पौधा मां के नाम अभियान में जमोनिया पहुंचे विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए। यहां पर उपस्थित क्षेत्रवासियों ने अपनी मां के नाम का पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राय ने एक पेड मां के नाम अभियान पूरे देश में चल रहा है। इसके परिणाम आने वाले दिनों में क्षेत्र में हरियाली के रूप में नजर आऐंगे। उन्होंने सभी से भविष्य में निरंतर पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि राकेश मेवाड़ा ने बताया कि पंचायत के द्वारा जमोनिया और थूना खुर्द



क्षेत्र में करीब 200 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है, क्षेत्र के विश्राम घाट आदि में फलदार और छायादार पौधे रोपित किए जाऐंगे। इसकी शुरूआत हमारे लोकप्रिय विधायक सुदेश राय ने की है।

### नरसिंहगढ़ सहित जिले भर में धूमधाम के साथ निकली भगवान जगदीश की रथयात्रा

# जगन्नाथ पुरी के समान द्वितीय वर्ष निकाली गई भव्य रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-नरसिंहगढ़

उड़ीसा के पुरी में भागवत जगन्नाथ की रथयात्रा के समान राजगढ़ नगर में भी रविवार को लगातार दूसरे वर्ष रथयात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ढोल-ढमाकों एवं बाजे-बाजे के साथ खुजनेर रोड स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से आरंभ हुई जो खिलचीपुर नाका, पुराने बस स्टैंड, किला क्षेत्र, तुल्ली चौक, पारायण चौक, रानी लक्ष्मी चौराहा, नाका नंबर-3 से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। वहीं नरसिंहगढ़ में भगवान जगदीश रथ यात्रा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस उपलक्ष्य में थावरिया स्थित जगदीश मंदिर में प्रातः भगवान जगदीश, भ्राता बलभद्र, बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को महाअभिषेक किया गया। इसके उपरांत मूर्तियों का आकर्षक श्रृंगार कर श्रृद्धालुओं के दर्शन हेतु मंदिर के पट खोले गए। श्रृद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया। इस दौरान पीले चावल के भात का प्रसाद भगवान को अर्पित कर प्रसादी का वितरण किया गया। शाम करीब पॉच बजे महाआरती के बाद मंदिर से भगवान का रथ रवाना किया गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार स्थित रामकृष्ण मंदिर पहुंचा जहां श्रृद्धालुओ ने रथ की अगवानी करते हुए पुष्प वर्षा के साथ भगवान की मेहमान नवाजी की रस्म अदायगी की। इस दौरान स्थान-स्थान पर नागरिको ने भगवान जगदीश की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। मंदिर पुजारी पं. मनोज दीक्षित द्वारा नगरवासियो को भगवान की प्रसादी का वितरण किया गया। गौरतलब है कि पिछले तीस वर्षो से नगर में रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नगरवासी हिस्सा लेकर पुण्य लाभ लेते हैं।

#### एक महीने बाद पुनः मंदिर आएंगे भगवान

*रथ यात्रा के दौरान मंदिर से भ्रमण को निकले भगवान जगदीष अब एक माह बाद पुनः मंदिर पहुंचेंगे। जानकारी के अनुसार भ्रमण के दौरान भगवान का रथ 15 दिनों तक रामकृष्ण मंदिर और 15 दिनों तक अन्य मंदिरों पर विश्राम करते हुए एक माह उपरांत पुनः जगदीश मंदिर पहुंचता है। इस एक माह में सभी प्रमुख मंदिरों पर धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहता है। वहीं श्रृद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन भगवान को विषेष भोग अर्पित किया जाता है।*

#### सैकड़ों श्रृद्धालु हुए शामिल, कई स्थानों पर हुआ स्वागत

*इस दौरान राजगढ़ नगर में सैकड़ों लोगों ने भगवान के रथ को स्पर्श पर करते हुए बारी-बारी से उसे प्रतीक स्वरूप खींचा। विभिन्न स्थानों, प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए यात्रा में शामिल लोगों का आत्मीय स्वागत किया गया। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर वहां कई तरह के धार्मिक आयोजन हुए एवं महाआरती उपरान्त महाप्रसादी का वितरण सभी को करवाया गया। यात्रा के सफल आयोजन पर मंदिर समिति सहित मालवीय प्रजापति सहयोग समिति ने सहयोग करने एवं सम्मिलित होने वाले सभी श्रृद्धालुजनों का आभार व्यक्त किया।*

## राजेश्वरी मंदिर पंच पहाड़ीधाम तलावला महाराजा में बरगद, नीम, पीपल के पौधे रौपे

### गौशरण मंडल 9 वर्षों से कर रहा है पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गौ शरण मंडल द्वारा रविवार को मां राजेश्वरी मंदिर पंच पहाड़ीधाम तलावला महाराजा में अनेक प्रकार के फलदार एवं छायादर पौधे लगाए गए, जिसमें बरगद, नीम, पीपल, आम आदि शामिल हैं। पौधों को संरक्षित करने का मंदिर परिवार ने संकल्प लिया। ज्ञातव्य है कि गौ शरण मण्डल द्वारा वर्षाऋतु में विगत 9 वर्षों से क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक स्थानों पर पौधे लगाए जा रहे है, अभी तक मण्डल द्वारा हजारों पौधें लगाए जा चुके, जो पौधें लगाए गए हैं वह फल एवं छाया देने लगे हैं, जिसका लाभ लोगों को मिलने लगा हैं। मण्डल संचालक भागवताचार्य सतीश नागर ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक रविवार निरंतर जारी रहेगा। धरती मां का हमारे ऊपर ऋण है, पेड़ लगाकर धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रत्येक व्यक्ति को हर बारीश के दौरान सुरक्षित स्थल पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखा जा सके।

#### अभियान की शुरूआत में यह रहे मौजूद

गौ शरण मण्डल द्वारा चलाए जा रहे अभियान के प्रथम दिवस की शुरूआत में किए गए पौधरोपण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, अरविंद शर्मा, रामगोपाल मीना नेताजी, जनपद सदस्य विष्णु खटाना, गिरराज लववंशी, अर्पित शर्मा, रामगोपाल शर्मा, ब्रजेश त्रर्वेदी, मोहन गुर्जर, अध्यक्ष देवीसिंह लववंशी, इंदर लववंशी, पंडाजी, अजय, जसवंत, ब्रजमोहन शर्मा, भारत बना, जितेंद्र साहु, प्रशांत, पूनमचंद, शर्मा, देवेंद्र शर्मा, प्रेम लववंशी, जगराज तोमर, जमनालाल, दिलीप, दीपक, हीरालाल आदि मौजूद रहे।

## विधायक शर्मा ने हनुमानगढ़ी पर किया पौधारोपण



**नरसिंहगढ़।** शनिवार को भाजपा के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में विधायक मोहन शर्मा द्वारा नगर के धार्मिक स्थल बड़ी हनुमानगढ़ी की पहाड़ी पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बादाम का पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री गोपाल खत्री, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राठौड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश मालवीय, भाजपा नेता शिव वेद, मुकेश गुप्ता, महामंत्री अनिल बिहानी, राकेश चावड़ा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, अंकित साहू मनोज जड़िया, दिनेश नागर, राजू जड़िया, छोटू बना, कपिल वेद, नितेश अग्रवाल, भगवान दास साहू, भारत सिंह गुर्जर, रामबाबू साहू, अमृतलाल प्रजापति, रवि वर्मा, दीपक दांगी, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, मथुरा लाल विश्वकर्मा, शहीद कई भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रकृति की हरीतिमा बढ़ाने वृहद स्तर पर हुआ पौधरोपण

### एक पेड़ मां के नाम थीम पर अनेकों स्थानों पर हुए आयोजन



**राजगढ़।** केंद्र सरकार के 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर रविवार को विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर पालिका द्वारा परेड ग्राउंड के सामने स्थित राजीव गांधी पार्क का चयन करते हुए यहां पीपल, नीम, गुलमोहर, आम सहित विभिन्न किस्मों के पौधे रोपित क इस दौरान कलेक्टर हर्ष दीक्षित, एसडीएम गुलाब सिंह बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ओ.पी. शर्मा, सीमएओ रवि गुप्ता, श्याम गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि कृष्णपाल पंवार, सचिन मौर्य सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थितजनों से कहा कि जो पौधे रोपे गए हैं उनकी पेड़ बनने तक देखभाल करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। पौधरोपण से कई महत्वूपर्ण पौधों का रख-रखाव होता है ताकि वे बड़े हो सकें।

## 3 वर्ष से लंबित फरार स्थाई वारंट तामील करने में शहर पुलिस को मिली सफलता

**ब्यावरा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा स्थाई वारंटियों एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन एवं एएसपी आलोक कुमार शर्मा एवं एसडीओपी ब्यावरा नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर वीरेन्द्रसिंह धाकड़ के नेतृत्व में 6 जुलाई को थाना ब्यावरा पुलिस द्वारा प्रधान आरक्षक देवेन्द्रसिंह मीना के विश्वसनीय मुखबिरों की सूचना पर से न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 14/22 अपराध नम्बर 717/21 धारा 294, 323, 506, एआईपीसी एससी, एसटी एक्ट में स्थाई वारंटी भगवान सिंह पिता दरियाव सिंह सौंधिया निवासी ग्राम बैलास को मुखबिर सूचना से राजगढ़ चौराहा से वारंटी को पकड़ा और उसे न्यायालय राजगढ़ में वारंटी को पेश किया गया। इनकी रही। भूमिका उपरोक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी ब्यावरा वीरेन्द्रसिंह धाकड़, प्रधान आरक्षक देवेन्द्रसिंह मीना का योगदान रहा।

## ब्लड बैंक में रक्त की कमी की पूर्ति के लिए खिलचीपुर में लगा मिनी रक्तदान शिविर

#### 16 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



राजगढ़ के जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक में रक्त की कमी होने के कारण शनिवार रात को खिलचीपुर के बस स्टैंड पर ब्लड बैंक की बस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर बस स्टैंड पर स्थित फलोदी लाज के सामने रात 8 बजे से 10 बजे तक चला। इस दौरान समाजसेवी नितेश गुप्ता के सहयोग से महज दो घण्टे में महिलाओ सहित 16 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

नितेश गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को जरूरत के समय रक्त नहीं मिलने से कई बार उनकी जान पर बन आती है। ऐसे में राजगढ़ के जिला अस्पताल में ब्लड की कमी होने के चलते हमने खिलचीपुर में अर्जेंट एक मिनी रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसके लिए शनिवार रात 8 बजे राजगढ़ से ब्लड कलेक्शन बस खिलचीपुर पहुंची। ब्लड बैंक टीम के राजकुमार भिलाला, देवेंद्र वर्मा,सुरेश दांगी के सहयोग से करीबन महिलाओं सहित 16 लोगो सतीश पारिख, नरेंद्र गुप्ता वर्षा सर्राफ, जितेंद्र गुप्ता, शीतल गुप्ता, प्रखर भंडारी शुभम भंडारी, उमेश मालवीय, अनिल गुप्ता, गौरव सिंगी, विशाल गुप्ता, गोलू गुप्ता,बकसू कुशवाह, जगदीश सौंधिया, मनीष साहू ,मोहित गुप्ता ने रक्तदान कर सर्टिफिकेट प्राप्त किए।

### बच्चे अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें : एसडीओपी

## सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल में शपथ विधि समारोह आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शनिवार को सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाई स्कूल सारंगपुर में विभिन्न हाउस के कप्तानों की शपथ विधि समारोह सारंगपुर एसडीओपी अरविंद्र सिंह सारंगपुर के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। संस्था के प्रबंधक मैनेजर फादर पॉल ने अतिथियों का स्वागत किया।

स्वागत भाषण संस्था के वरिष्ठ शिक्षक मेहरबान खान द्वारा दिया गया एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रिया राठौर ने किया। साथ ही रंगारंग कार्यक्रमों के साथ स्कूल के हेड बॉय और हेड गर्ल द्वारा भी शपथ ली गई। इस दौरान एसडीओपी सिंह ने संस्था में आकर अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे अपने विद्यार्थी जीवन का आभास हो रहा है एवं आप सभी बच्चे भविष्य में इसी तरह से अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें बधाई दी।

## लववंशी समाजाध्यक्ष पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री से मिले

### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कराया अवगत, मंत्री ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



भोपाल में कैबिनेट मंत्री पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री, मध्यप्रदेश शासन प्रहलादसिंह पटेल के बंगले पर विधायक प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य तथा लोधा लववंशी समाज युवा प्रदेश संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी ने सौजन्य भेंट कर स्वागत किया। मंत्री से ब्यावरा विधानसभा सहित राजगढ़ जिला व अन्य क्षेत्र की ग्राम पंचायतों की समस्याओं से अवगत कराया और सुदूर सड़क और खेत सड़क पुनः शुरू करने का निवेदन किया। जिसमें मंत्री ने तुरंत समस्याओं का निराकरण करने को कहा।

## सीएमओ बोले प्रत्येक नगरवासी को मां के नाम लगाना चाहिए एक पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत नगर परिषद खुजनेर द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। जिसमें नगर के पालीवाल स्कूल तथा शास्त्री समिति विद्या मंदिर में वृहत पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। नीम, बरगद, अशोक, करंज, पीपल आदि अन्य किस्म के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा बताया गया कि कोई भी नागरिक अपनी मां की याद में नगर के मांगलिक भवन, गणेश मन्दिर, मुक्तिधाम, वाटर वर्क्स आदि पर पौधा रोपण करें तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर पार्षद प्रेम राजपूत, भूपेन्द्र लोहिया, अमित यादव, धर्मेन्द्र पालीवाल, आशीष शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, मुकेश नाथ सहित समस्त स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की है कि यह अभियान जुलाई में चलेगा नगर के अन्य स्थानों पर पौधा रोपण का कार्य किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाएऔर उसका सरंक्षण करें जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध रहे भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सके।

## एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, अतिथि गण पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह पवांर, विष्णु सिंह पवांर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, देवकरण मालाकार संस्था प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी स्काउट शिक्षक गोवर्धनलाल वर्मा द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से शुरुवात की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजारीलाल दांगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं हुवे तो आने वाले समय में हमे कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हम सबको मिलकर हमारे घर के आसपास एवं विद्यालय परिसर तथा उचित स्थान चयन कर वहा पर अधिक से अधिक पौधा रोपण कर उनकी सुरक्षा करना है। उपस्थित समस्त सदस्यों एवं पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। जनप्रतिनिधि नगर के पत्रकार तथा शाला परिवार के सदस्यों ने बरगद पीपल आम नीम जामुन गुलर सहित विभिन्न प्रकार के 50 फलदार एवं छायादार पौधो का रोपण किया गया। कार्यक्रम में रामप्रसाद दांगी, देवकीनंदन जमींदार, कुशाल दांगी, राम दांगी, श्याम टेलर, ओंकार लाल दांगी, हरीश गुप्ता, गोविंद शर्मा आरिफ खान, लक्ष्मीनारायण दांगी ओम प्रकाश सेन, गिरिराज गुप्ता, सीमा गुप्ता, राकेश भावसार, जगदीश झावा अजय सेन, रमेश मेवाड़े हेमराज सेन सहित समस्त स्टाफ अतिथि एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सेवानिवृत कर्मचारियों और अधिकारियों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

ग्राम पंचायत मोयली कला में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों और अधिकारियों का गांव के सरपंच प्रतिनिधि मेहबूब खां की तरफ से शासकीय अन्य पदों पर सेवानिवृत होने के बाद ग्राम पंचायत मोयली में सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में साफा बांधकर हार फूलों से स्वागत किया। सेवानिवृत्ति होने वालों में बद्री प्रसाद चंद्रवंश, राधेश्याम चौधरी, रमेश चन्द्र सेन, रमेश सक्सेना चारों कर्मचारियों अधिकारियों का गांव के राम मंदिर में हार फूलों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य खुर्शीद मेव, जनपद सदस्य रघुनंदन शर्मा, राजू चौकसे पार्षद वार्ड क्रमांक 4 कुरावर, कमला प्रसाद शर्मा जनपद सदस्य जिला खेड़ी सभी लोगों ने हमारे रिटायरमेंट कर्मचारियों का साफा बांधकर हार फूलों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर गांव के सैकड़ो लोगों ने स्वागत किया।

खबर संक्षेप

### आश्वासन पर वैद्य ने धरना किया स्थगित




**जावर।** नगर परिषद जावर में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य धरने पर बैठे थे। जब जावर तहसीलदार सुमन बाथम व नायब तहसीलदार अविनाश सोनानिया, सीएमओ हरीश सोनी द्वारा पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य से चर्चा की गई। जल्द ही समस्याओं के निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस पर पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने धरना स्थगित कर दिया। तथा मुख्य मांगों पर भी सहमति बनी। नेवज नदी के नाम पर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार करने वाले दोषियों पर कार्यवाही करवाने, पीएम आवास के हितग्राहियों की दूसरी व तीसरी किस्त डालने, नया थाना भवन व स्टाफ क्वार्टर बनाने, वार्ड 6 में पुराने रास्ते पर कैलाश ठाकुर की जमीन से होते हुए मंडी रोड तक अतिक्रमण हटवाने, वार्ड तीन में रविदास घाट बनाने , वार्ड 4 और 15 ईदगाह पर स्वीकृत टीन शेड लगवाने, वार्ड 8 और 9 में पुलिया का व्यवस्थित निर्माण करवाने, वार्ड 2 में कजलास रोड पर मालीपुर पुलिया से नाले के साइड मालीपुर वार्ड
अंदर तक बाउंड्री बनवाने तथा छोटी-छोटी घूमती व फेरी वालों को बार-बार परेशान करने के संबंध में मुख्य बाजार गांधी चौक जावर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया गया था, जो अब सहमति के बाद स्थगित कर दिया गया। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने धरने पर पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया व प्रशासनिक अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। धरना स्थल पर मुख्य रूप से कैलाश सिंह ठाकुर, अज्जू भाई, भेरू सिंह मालवीय, आकाश परिहार, संजय मालवीय तथा भारी संख्या में हितग्राही एवं नागरिक उपस्थित थे।

शासकीय मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल, इंद्रा कॉलोनी, मेन रोड पर किया गया पौधरोपण

# युवा संगठन ने रोपे पौधे : सभी एक सुर में बोले, पौधरोपण से धरा पर छाएगी हरियाली, जीवन में आएगी खुशहाली





पर्यावरण को हरा भरा करने जगह-जगह अभियान चलाकर लगाए जा रहे पौधे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की सामाजिक संस्था आष्टा युवा संगठन आष्टा यूथ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शासकीय माडल हायर सेकंडरी स्कूल में एवं इंद्रा कालोनी के प्रथम मेन रोड पर पौधा रोपण किया गया, जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा सभी को संबोधित करते हुवे कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं।

धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यकम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने कहा की पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में आष्टा युवा संगठन संस्था प्रमुख आनंद गोस्वामी ने बताया की राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवम राज्य विधि प्राधिकरण के निर्देश अनुसार वृक्ष रोपण का कार्यक्रम आज आष्टा युवा सामाजिक संस्था द्वारा रखा गया हे जिसमे विभिन्न तरह के पौधे आष्टा नगर के गण माननीय



लोग ,पत्रकार गण ,,युवा साथियों के द्वारा संस्था ने आज पचास से अधिक पौधे लगाए हे इन सभी की देखभाल हर तीन माह में करके संस्था द्वारा राष्टीय विधि सेवा प्राधिकरण एवम राज्य विधि प्राधिकरण के ऐप पर भेजी जाना हे। कार्यक्रम में बीआरसीसी अनिल कुमार श्रीवास्तव, पार्षद रवि शर्मा, पार्षद तेज सिंह राठौर, पार्षद तारा कटारिया ,माडल स्कूल के प्राचार्य सी, एल पेठारी, मीना सिंगी, पत्रकार किरण राका, दिनेश शर्मा, पंकज यादव,बालिका छात्रावास प्रभारी समता शर्मा, कुशल पाल लाला, पार्वती शर्मा,धीरज सिंह राजपूत, सार्धक शर्मा,स्कूल स्टाफ राजिया रेहमान,ममता आटेकार, सविता भारतीय, कमल ताम्रकार, लखन पाटीदार ,रोहित तोमर, सुनील कुशवाह, परमार समाज युवा अध्यक्ष जितेंद परमार ,सोनू श्रीवास्तव, महेश राठी, संदीप गोतम, तेज सिंह जेयासवाल, प्रकाश कुशवाह, नीरज सुराना, पवन राका, अभिषेक पाटीदार, गोलू यादव, नानू जैन, देवेंद्र बागवान, छगन कुशवाह, अन्नू कुशवाह धर्मराज सरसाय, मुकेश चितोड़ा सहित संस्था वा विद्यालय का स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### पेड़ लगाकर सुरक्षा करना जरूरी: विधायक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ी के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पौधरोपण के साथ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती भी मनाई गई। विधायक इंजीनियर ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि हर व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए व उसकी सुरक्षा भी करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाएं। उक्त कार्यक्रम ग्राम पंचायत खड़ी हाट द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें सभी पंचों ने एक-एक पेड़ लगाने की बात कहीं। सरपंच मनोहर सिंह पटेल ने विद्यालय परिसर में 300 पौधे लगवाकर तथा 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है । ग्राम पंचायत द्वारा पिछले वर्ष 200 पौधे लगाए गए थे जिसमें सभी के सभी पौधे जीवित हैं। इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ी के समस्त स्टाफ द्वारा एक-एक पौधा व टी गार्ड लगाने की घोषणा की गई।

## दो घंटे की झमाझम बारिश से शहर हुआ तरबतर चार दिन बाद फिर झमाझम बारिश के आसार





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सोमवार से एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है दोपहर में अचानक मौसम बदला और झमाझम बारिश हो रही है। बता दें कि लगातार चार-पांच दिनों से क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही थी लेकिन सोमवार को अचानक मौसम बदला और दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई बारिश करीब 2 घंटे हुई। कई क्षेत्र में जल निकासी की समस्या शहर के कई क्षेत्रों में बारिश आफत बनकर आती है जरा सी बारिश में जल भराव की स्थिति बन जाती है आज भी भोपाल नाका, परदेसीपुरा, बुधवारा आदि क्षेत्रों में जल भराव हो गया। भोपाल नाके पर आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ी, क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने कई बार नगर पालिका के जिम्मेदारों को बता दिया उसके बाद भी दोनों ही क्षेत्र की समस्या हल नहीं हुई इन दोनों ही क्षेत्र में नाला नालियां चौक है, जरा सी बारिश में सड़कों पर पानी भरा जाता है। नागरिक अखिलेश धनगर, सुरेश वर्मा ने बताया कि कन्नौद रोड पर जो कि शहर का सबसे बड़ा नाला है भोपाल नाके से मंडी गेट के बीच में कई स्थानों पर चौक है। नाले की सफाई तो हुई लेकिन पूरी नहीं हुई अभी भी कई स्थानों पर नाला चौक है यही कारण है की बारिश में कई स्थानों पर लोगों को नाला चौक होने से परेशानी उठाना पड़ती है। सबसे ज्यादा भोपाल नाका क्षेत्र में जल भराव रहता है नगर पालिका के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि अगर कहीं नाले या नालियां चौक है तो सफाई कराएंगे ताकि बारिश का पानी नहीं रुके।

### साहू समाज के जिला अध्यक्ष बने नरेश



**श्यामपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी गुप्ता राष्ट्रीय तेली साहू संगठन दिल्ली, रामनिवास शाह विधायक सिंगरौली और प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू की अनुशंसा पर नरेश साहू को सीहोर जिले के साहू समाज का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया और नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नरेश साहू को सीहोर साहू समाज का जिलाध्यक्ष बनने पर सभी राष्ट्रीय साहू समाज के संगठनों ने बधाई दी और सीहोर जिला महामंत्री ओमप्रकाश साहू को बनाए जाने पर बधाई दी गई। सीहोर जिले की इकाई अहमदपुर के अध्यक्ष राजमल साहू मण्डखेड़ा को अहमदपुर इकाई के अध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र देकर बधाइयां दी। राजमल साहू अहमदपुर इकाई को कोषाध्यक्ष बनने पर बधाई दी गई।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक गोपाल सिंह और नप अध्यक्ष ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



म.प्र.शासन द्वारा सघन पौधरोपण हेतु एक पेड माँ के नाम अभियान अंतर्गत निर्देश जारी किये गये निर्देश के पालन में नगर परिषद जावर द्वारा अभियान का प्रारम्भ किया गया। जिसका शुभारम्भ क्षैत्रिय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पौधरोपण कर किया । इस दौरान नागरिकों को से अधिक से अधिक पौधरोपण करने हेतु आग्रह किया गया। वही नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य द्वारा भी पौधरोपण किया। उन्होने बताया कि उक्त अभियान 31 जुलाई तक चलाया जाना है, जिसमें सम्पूर्ण जावर नगर में पौधरोपण किया जाएगा। उक्त अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मंजु वैद्य द्वारा भी पौधरोपण किया गया। उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान द्वारा भी पौधरोपण किया गया। नगर परिषद के सहयोग से नगर में जगह जगह पौधरोपण का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमराईज स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सरसस्वती शिशु विद्या मन्दिर आदि में किया गया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से धारासिंह पटेल, वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह केशव, कल्याणसिंह ठाकुर, विक्रमसिंह कप्तान, पार्षद मदन विश्वकर्मा, हुकम विश्वकर्मा, जयसिंह ठाकुर, गब्बर ठाकुर, खुमानसिंह पटेल, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, युवामोर्चा हरेन्द्र विश्वकर्मा व नगर परिषद का अमला उपस्थित था।

नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगन्नाथ, प्रभु प्रेमी संघ ने किया स्वागत

# रथयात्रा हमारे शहर की संस्कृति का हिस्सा: कैलाश परमार





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के प्राचीन बाँसबेड़ा मंदिर से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा इस शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जगन्नाथ रथ यात्रा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, इतिहास और परंपरा में भी महत्व रखती है। स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ स्वामीजी द्वारा निर्देशित सभी धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध है। धार्मिक कार्यक्रम हमारे मेलजोल और श्रद्धा को बढ़ावा देते हैं। यह बात पूर्व नपाध्यक्ष तथा प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार ने रथयात्रा अवसर पर कही। प्रतिवर्ष आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की दूज को इस यात्रा का भारत भर में आयोजन होता है। भगवान जगन्नाथ विष्णु का ही एक रुप हैं।

रथयात्रा में भगवान का भ्रमण भक्तों में उल्लास और समर्पण की भावना भर देता है। नगर में आज अलीपुर स्थित पार्वती तट के बाँसबेड़ा मंदिर से रथयात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख पारम्परिक मार्गो से गुजरी। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ यात्रा का स्वागत कर पूजन अर्चन की।

बड़ी संख्या में भक्तजन रथयात्रा में शामिल हुए। जगह जगह भगवान को पुष्प श्रीफल भेंट किये गए। आयोजन समिति का सम्मान और स्वागत किया गया। भगवान का रथ खींचने की भक्तों में होड़ लगी रही। बुधवारा में प्रभुप्रेमी संघ ने जगत के नाथ प्रभु जगदीश की पूजा अर्चना की तथा मन्दिर के महंत एवम आयोजकगण जुगल मालवीय और धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा का पार्वती गौशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह के हाथों साफा बांध कर स्वागत किया गया । इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, प्रभु प्रेमी संघ के सदस्यगण सुभाष सांवरिया, बाबूलाल जेमिनी, लखन सेन, प्रतीक महाडिक, शुभम कुशवाह, संतोष माहेश्वरी, देवेंद्र सेन, महेश मेवाड़ा, सतीश मालवीय, आकाश सेन, शिशुपाल गुर्जर, अरविंद सेन तथा ललित मंजू श्री आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र कुशवाह ने किया। नपाध्यक्ष कैलाश परमार अपने साथियों और स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ के सदस्यों के साथ यात्रा में शामिल हुए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

श्यामपुर प्रखर राष्ट्रवादी जन संघ के संस्थापक श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हे याद किया भारतीय जनता पार्टी श्यामपुर नगर के कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद कर पीपल का वृक्ष रोपित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस मौके पर उन्हें याद करते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रकार राष्ट्रवादी नेता थे उन्होंने इस देश में दो विधान दो संविधान नहीं होने की शपथ ली थी उसको भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर जन संघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा कर सच्ची श्रद्धांजलि दी है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता लक्ष्मीनारायण पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि गोविंद पाटीदार, भारतीय जनता पार्टी अजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य मुकेश कोली, भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक संजय पाटीदार, वरिष्ठ कार्यकर्ता कैलाश पाटीदार, जगदीश पाटीदार, राजेंद्र हाड़ा, विष्णु चक्रवर्ती हरिनारायण शाक्य, लखन पाटीदार आदि उपस्थित थे।